146905 - क्या लड़की का “फिरदौस” या “जन्नत” नाम रखना जाइज़ है ?

प्रश्न

मैं इन शा अल्लाह (यदि अल्लाह ने चाहा) एक शिशु का स्वागत करने वाला हूँ, और मैं उसका नाम “फिरदौस” रखना चाहता हूँ, परंतु यह नाम रखने से पूर्व मैं यह जानना चाहता हूँ कि लड़की नाम “फिरदौस” या “जन्नत[” रखने का क्या हुक्म है ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

बच्चों का नाम रखने में असल (मूल आधार) यह है कि किसी भी नाम के द्वारा नामकरण जाइज़ है जबतक कि शरीअत में उस से मना न किया गया हो।

“अल मौसूआ अल फिक़हिय्या” (11 / 331) में आया है :

“असल बात (मूल आधार) : किसी भी नाम के द्वारा नामकरण जाइज़ सिवाय उस नाम के जिस से शरीअत में निषेद्ध किया गया है।” (अंत हुआ।)

और - हमारे ज्ञान के अनुसार - कोई ऐसा प्रमाण वर्णित नहीं हुआ है जिस में लड़की का “फिरदौस” या “जन्नत” नाम रखने से मना किया गया हो। अत: इन दोनों नामों के द्वारा नामकरण करने में कोई आपत्ति की बात नहीं है। तथा यह ऐसे नामों में से है जिसका एक सुंदर और कोमल अर्थ है।

”फिरदौस” अरबी भाषा में उस बगीचा को कहते हैं जो बगीचों में रहने वाली सभी चीज़ों को सम्मिलित है।

तथा “जन्नत” खजूरों और पेड़ों वाले बाग को कहते हैं।

देखिये : “अल क़ामूसुल मुहीत” (पृष्ठ 725, 1532), अज़हरी की किताब ”तहज़ीबुल लुगह्” (13 / 104, 105)।